संख्या-641/2025/आई/1162155/23-1-25/002-23-1002(002)/290/2025

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 03 दिसम्बर, 2025

विषय- वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-3054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से प्रयागराज मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 39 विशेष मरम्मत के कार्यों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के अधोलिखित तालिका के स्तम्भ-2 में अंकित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार **प्रयागराज मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 39 विशेष मरम्मत के कार्यों हेतु कुल लागत रू0 39,03,47,000/- (रूपये उनतालीस करोड़ तीन लाख सैंतालीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ** चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान सं0-58 के **लेखाशीर्षक-3054** के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से कुल **रू0 13,66,20,000/- (रूपये तेरह करोड़ छियासठ लाख बीस हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0 का पत्र संख्या व दि0	खण्ड/ जनपद का नाम	यूनिक कोड	कार्य का नाम	क्षतिग्रस्त लम्बाई (कि0 मी0 में)	कुल लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रयागराज	450439	मेजा रेलवे स्टेशन से रामनगर परानीपुर मार्ग के किमी0-8 में नाली निर्माण का कार्य	0.550	51.22	17.93
2	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रयागराज	450173	गंगोत्री नगर से अन्य मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य	4.950	404.40	141.54
3	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रयागराज	450443	नैनी रेलवे गेट से मामा भांजा तालाब मार्ग में RCC नाली निर्माण का कार्य	2.100	148.92	52.12

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0 का पत्र संख्या व दि0	खण्ड/ जनपद का नाम	यूनिक कोड	कार्य का नाम	क्षतिग्रस्त लम्बाई (कि0 मी0 में)	कुल लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8
4	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रान्तीय खण्ड, प्रयागराज	450591	करछना जारी किमी0 04 से घटवा जगौती सम्पर्क मार्ग के किनारे के इण्टरलांकिग लगानें का कार्य।	1.500	93.08	32.57
5	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रयागराज	451089	करछना से थरी महोरी सम्पर्क मार्ग	3.800	52.77	18.47
6	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रयागराज	450575	गधियांव से पुरैनी मार्ग	2.200	65.39	22.89
7	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रयागराज	450870	किहुनी खुर्द किमी0 02 में रपटा मरम्मत विशेष मरम्मत का कार्य।	0.000	378.19	132.37
8	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रयागराज	457637	माण्डा लालगंज से किमी0-3 से धरी शुकुलपुर अहिरान बस्ती सम्पर्क मार्ग	4.500	58.04	20.31
9	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-3 प्रयागराज	453683	जनुआडीह चैराहा से नहर की पटरी उदगी होते हुए बरेस्ता पक्की सड़क तक मार्ग के नवीनीकरण का कार्य	5.000	65.53	22.94
10	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-3 प्रयागराज	456503	ग्राम प्रयागीपुर भदोही बार्डर तक सम्पर्क मार्ग	3.000	62.48	21.87
11	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-4 कु.मे. प्रयागराज	451732	सहावपुर पासी बस्ती लिंक रोड	1.570	55.68	19.49
12	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-4 कु.मे. प्रयागराज	450050	देवराज का पुरा मार्ग	2.700	74.48	26.07
13	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-3 प्रयागराज	453938	कौड़ीहार कुरेसर मार्ग से मुबारकपुर मार्ग	0.500	42.41	14.84
14	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-3 प्रयागराज	451724	दादनपुर सम्पर्क मार्ग	0.800	67.81	23.73
15	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-3 प्रयागराज	457244	कौड़ीहार नरहा पक्की सड़क से अहमदपुर पथरियापुर होते हुए नवाबगंज तक मार्ग	0.500	42.35	14.82
16	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-3 प्रयागराज	450424	प्रयागराज गोरखपुर मार्ग	3.200	412.72	144.45
17	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-4 कु.मे. प्रयागराज	452432	पटेल बस्ती (मुबारकपुर) सम्पर्क मार्ग	0.700	61.47	21.51
18	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-4 कु.मे. प्रयागराज	452977	मैलहन से कोनार सम्पर्क मार्ग	1.200	89.80	31.43
19	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-4 कु.मे. प्रयागराज	454048	तारडीह हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	0.500	40.36	14.13
20	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रयागराज	450457	दिघिया चैकी मार्ग(अ0जि0मा0) के किमी0 1,3,4,6,8,9,11,12,13,15,16 के आबादी भाग मे नाली निर्माण का विशेष मरम्मत कार्य।	3.600	236.73	82.86
21	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-4 कु.मे. प्रयागराज	453362	जयसिंह पुर पक्की सड़क से परानु का पुरा यादव बस्ती के अन्दर होते हुए घना का	0.425	40.45	14.16

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0 का पत्र संख्या व दि0	खण्ड/ जनपद का नाम	यूनिक कोड	कार्य का नाम	क्षतिग्रस्त लम्बाई (कि0 मी0 में)	कुल लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8
				पुरा यादव बस्ती तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।			
22	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-4 कु.मे. प्रयागराज	452676	दांदूपुर सम्पर्क मार्ग सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	0.435	40.72	14.25
23	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-4 कु.मे. प्रयागराज	457262	पिल्खुआ मेला मैदान से बागी गांव प्राथमिक विद्यालय दारूल उलूम विद्यालय, नजरपुर मुस्लिम/पटेल बस्ती, नजर प्राथमिक विद्यालय मार्ग के किमी0-4 पर आर0सी0सी0 पुलिया एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	0.000	40.36	14.13
24	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-4 कु.मे. प्रयागराज	452286	धनूपुर मरों मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	3.600	89.49	31.32
25	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-4 कु.मे. प्रयागराज	452296	असढ़िया से दुमदुमा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	2.000	48.53	16.99
26	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रतापगढ़	436363	पूरे दलपतशाह सं0 मार्ग।	2.000	44.35	15.52
27	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रतापगढ़	VR1827	भिवनी से कंसा पट्टी सं0 मार्ग।	3.000	41.33	14.47
28	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-2 प्रतापगढ़	432520	किशुनदासपुर सम्पर्क मार्ग।	1.400	67.64	23.68
29	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-1 प्रतापगढ़	430317	मानिकपुर सलवन मार्ग	3.800	231.06	80.87
30	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	प्रा.ख. प्रतापगढ़	432885	उड्डैयाडीह पृथ्वीगंज मार्ग से रामपुर खागल सं0 मार्ग	2.350	52.12	18.24
31	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-1 प्रतापगढ़	431304	अठेहा लालगंज ननौती मुस्तफाबाद रेहुआ लालगंज अगई रानीगंज कैथोला नरई मार्ग (एम0डी0आर0-174ई)	0.600	149.48	52.32
32	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-1 प्रतापगढ़	431310	विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत अन्तू सांगीपुर मार्ग (अ0जि0मा0) पर आबादी भाग में सी0सी0 मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य।	0.600	86.46	30.26
33	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-2 प्रतापगढ़	431915	नागापुर भिटारा सम्पर्क मार्ग।	4.500	47.04	16.46
34	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-2 प्रतापगढ़	435319	राजगढ से कोट का पुरवा सम्पर्क मार्ग।	3.000	55.52	19.43
35	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-2 प्रतापगढ़	435305	राजगढ से श्रीनाथपुर कोपा सम्पर्क मार्ग।	4.100	94.06	32.92
36	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-2 प्रतापगढ़	436395	सराय देवराय प्रयागदीन वर्मा के स्कूल के पीछे से होते हुए डंडवा जदवापुर सम्पर्क मार्ग।	3.200	42.33	14.81
37	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-2 प्रतापगढ़	436398	पी0के0जी0एस0 मार्ग पर कुटुलिया चैराहे से हैसी जयचन्द्र होते हुए राजापुर सम्पर्क मार्ग।	3.300	43.93	15.37

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0 का पत्र संख्या व दि0	खण्ड/ जनपद का नाम	यूनिक कोड	कार्य का नाम	क्षतिग्रस्त लम्बाई (कि0 मी0 में)	कुल लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8
38	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख.-2 प्रतापगढ़	432323	लीलापुर साहबगंज तेजगढ़ मार्ग।	0.685	113.38	39.68
39	I/355827/2025-Dt.-25-11-2025	नि.ख. कौशाम्बी	446611	जुगराजपुर छेकवा सम्पर्क मार्ग (अ0जि0मा0) के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य (चै0 0.00 से 4.150)	4.150	71.39	24.98
					योग-	**3903.47**	**1366.20**

(1) प्रश्नगत कार्य की द्विरावृत्ति को रोकने की दृष्टि से प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। यदि द्विरावृत्ति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त करते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय।

(2) प्रश्नगत कार्य को उस समय तक प्रारम्भ न किया जाय और न ही उन पर कोई व्यय भार लिया जाय जब तक कि स्वीकृत लागत के अन्तर्गत विस्तृत आगणन गठित कर उस पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्राविधिक स्वीकृति प्रदान न कर दी जाय। यदि यह कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो समस्त उत्तरदायित्व संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता का होगा।

(3) लेबर सेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(4) प्रायोजनान्तर्गत 18 प्रतिशत की दर से जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मिलित की गयी है। विभाग का दायित्व होगा कि भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान सुनिश्चित किया जाये। साथ ही विभाग का यह भी दायित्व होगा कि प्रायोजना के निर्माण कार्यो में वास्तविक खपत (CONSUMED) हुई मुख्य सामग्री (सीमेन्ट व स्टील, ग्रिट, बिटुमिन इत्यादि) की मात्राओं का अनुपातिक/मानक मिलान करते हुए जी0एस0टी0 भुगतान किया जाये।

(5) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कार्य प्रारम्भ किया जाय। यदि यह कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो समस्त उत्तरदायित्व संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता का होगा।

(6) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2026 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 30 अप्रैल 2026 तक शासन को निश्चित रूप से उपलब्ध करा दिया जाय।

(7) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय।

(8) राज्य सड़क निधि हेतु गठित उ0प्र0 राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रायोजन हेतु व्यय की गयी है। विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि कार्य की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद कार्य की अव्यवहारिकता दर्शाते हुए स्वीकृति निरस्त न हो।

(9) प्रश्नगत कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित कराये जाय ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो, उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय। प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि आगणन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने पाये।

(10) विभाग द्वारा यथावश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(11) परियोजना की लागत व समय सीमा में बढोत्तरी न हो, इस हेतु परियोजना के निर्माण कार्य की साप्ताहिक समीक्षा सम्बन्धित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता द्वारा एवं माह में कम से कम एक बार समीक्षा विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग के स्तर पर सुनिश्चित की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(12) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा प्रश्नगत कार्य से सम्बन्धित बचत (यदि हो तो) व कार्य पूर्णता इत्यादि की सूचना यथासमय शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

(13) परियोजना को निर्धारित समयसीमा के अन्दर अवश्य पूर्ण कर लिया जाये तथा टाइम ओवर रन एवं क्रास्ट ओवर रन इत्यादि के कारण प्रायोजना का पुनरीक्षण भविष्य में नहीं किया जायेगा।

(14) वित्त विभाग के शासनादेश सं0-10/2021/बी-2-96/दस-2021-10/99, दिनांक 22 मार्च, 2021 के अनुसार अनुमोदित प्रायोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के उपरान्त इसकी डी0पी0आर0 गठित करने के उपरान्त ही तकनीकी स्वीकृति निर्गत की जाय। यदि इस प्रक्रिया में यह परिलक्षित होता है कि प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष तकनीकी स्वीकृति की लागत 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो रही है, तो प्रायोजना का पुनरीक्षित आगणन गठन करते हुए 03 माह के भीतर पुनरीक्षित आगणन पर व्यय-वित्त समिति का अनुमोदन प्राप्त किया जाय, अन्यथा की स्थिति में पुनरीक्षित प्रायोजना पर व्यय-वित्त समिति द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

(15) वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 के अनुसार परियोजना की वित्तीय स्वीकृति व प्रथम किश्त मूल्यांकित लागत पर जारी की जाये, किन्तु द्वितीय किश्त जारी करने से पूर्व परियोजना की लागत को निविदा में प्राप्त मूल्य (टेण्डर कॉस्ट) के अनुसार विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए पुनरीक्षित करा लिया जाये। परियोजना की अनुवर्ती किश्तें पुनरीक्षित लागत के आधार पर ही जारी की जायें ताकि कार्यदायी संस्था को कार्य की वास्तविक लागत से अधिक धनराशि अवमुक्त न हो सके। यदि निविदा के बाद कार्यों की लागत में कमी आती है, तो बचत की धनराशि को सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत राजकोष में जमा किया जाये।

(16) प्रस्ताव का परीक्षण लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों को यथावत मानते हुए किया गया है। मार्ग निर्माण की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि शासन स्तर से अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।

(17) परियोजना पूर्ण होने में विलम्ब की स्थिति उत्पन्न होने अथवा परियोजना की लागत में वृद्धि की दशा में इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग एवं मुख्य अभियन्ता (मु0-1) एवं सम्बन्धित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

का होगा तथा भविष्य में यदि परियोजना की लागत में वृद्धि होती है तो ऐसी दशा में लागत में बढोत्तरी की कुल धनराशि की वसूली सम्बन्धित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता आदि के वेतन से की जायेगी।

(18) परियोजना से सम्बन्धित समस्त तकनीकी पक्षों/तथ्यों व उनके परीक्षण/सत्यापन तथा इस परियोजना के निर्धारित मानकों के अनुरूप होने का पूर्ण उत्तरदायित्व प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग का होगा।

(19) जिन मार्गों के सृष्टि कोड अंकित नहीं है, उनके संबंध में प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि मार्ग लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व के हैं अथवा उनके लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व में न होने की दशा में संबंधित विभाग से अनापत्ति प्राप्त किये जाने के उपरान्त कार्यवाही की जाय।

(20) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-06/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 तथा अन्य सुसंगत शासनादेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(21) उपरिलिखित सभी शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित करने का दायित्व प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, मुख्य अभियन्ता (मु0-1) एवं सम्बन्धित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता का होगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय **रू0 13,66,20,000/- (रूपये तेरह करोड़ छियासठ लाख बीस हजार मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 **लेखाशीर्षक "3054**043370500 राज्य सड़क निधि से सड़कों का अनुरक्षण मानक मद 29 अनुरक्षण" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231 /2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

राजेश प्रताप सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-641/2025/आई/1162155(1)/23-1-25/002-23-1002(002)/290/2025, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश शासन।

2- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

4- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।

5- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।

6- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।

7- संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।

8- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

9- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।

10- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

11- लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0 शासन।

12- नोडल अधिकारी (आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।

13- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अभिषेक गंगवार

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।